हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 5 फरवरी 2026

06 इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव



09 केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने पिपरई को दी 'सांदीपनि स्कूल' की...





## समाचार संक्षेप

### फतेहगढ़ पुलिस की कार्रवाई, 57 लीटर कच्ची शराब जब्त

**गुना।** फतेहगढ़ थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 57 लीटर कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम अम्बाराम चक में नहर की पुलिया के पास घेराबंदी कर आरोपी देवा उर्फ देवू भील (45) को पकड़ा। आरोपी के पास से दो कैनों में भरी कच्ची शराब जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### करंट का कहर, चारा लेने गई महिला ने तोड़ा दम, धरनावदा थाना क्षेत्र का मामला

**गुना।** धरनावदा थाना क्षेत्र के ग्राम झागर की है, जहां एक 50 वर्षीय महिला की करंट लगने से मौत हो गई। मृतका काशी बाई किरार बुधवार सुबह करीब 8 बजे अपने खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने गई थीं। इसी दौरान खेत में लगे ट्यूबवेल के पास फैले कटीले तारों या कटे हुए बिजली के तार की चपेट में आने से उन्हें जबरदस्त करंट लगा। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें जिला अस्पताल लेकर आए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### संप्रेक्षण गृह गुना में विश्व कैंसर दिवस पर बालकों को किया गया जागरुक




**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में संप्रेक्षण गृह गुना में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक अवधेश अवस्थी द्वारा किया गया। श्री अवस्थी द्वारा विश्व कैंसर दिवस के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि इसका उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके रोकथाम, पहचान और इलाज को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में आशीष रघुवंशी विधि सह परिवीक्षा अधिकारी द्वारा संप्रेक्षण गृह गुना में निवासरत बालकों को बताया कि - कैंसर दुनिया भर में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। तंबाकू और शराब का सेवन कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। कैंसर के शुरुआती लक्षणों में - असामान्य रक्तस्राव, गांठ या सूजन, और वजन में अचानक कमी होना शामिल है। कार्यक्रम में बाबू सिंह राजपूत सहा. ग्रेड 2 द्वारा बालकों को कैंसर से बचाव के तरीके बताए । इस अवसर पर निवासरत बालकों ने भी अपने विचार प्रकट किए और सभी बालकों के मध्य चित्रकला प्रतियोगिता भी हुई। उक्त कार्यक्रम में हॉउस मास्टर मानसिंह चौहान, मनोज भार्गव, जय रघुवंशी, पीयूष बारेला सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

### बाल विवाह को रोकने के लिए बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**गुना।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना अमिताभ मिश्र के द्वारा गुना जिले में बाल विवाह को रोकने के लिये बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दिनेश प्रसाद मिश्र, अपर जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार सूर्यवंशी, ओ.पी. रघुवंशी, राघवेन्द्र भारद्वाज, राधा किशन मालवीय, शैलजा गुप्ता, सोनाली शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मधुलिका मुले, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुना वंदना त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट डालचंद्र, सुरेश वारगीया, जिला विधिक सहायता अधिकारी सर्वेश चतुर्वेदी, समस्त लीगल ऐड डिफेंस काउंसेल्स एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ गुना के सचिव श्यामसुन्दर लिटोरिया एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने हॉकी टूर्नामेंट में सहभागिता कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

संजय गांधी स्टेडियम में आयोजित 33वें अखिल भारतीय स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मृति स्वर्ण हॉकी टूर्नामेंट के दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने उपस्थित होकर टूर्नामेंट में अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर उन्होंने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनके साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। कलेक्टर कन्याल ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए खेल भावना, अनुशासन और मेहनत के महत्व पर प्रकाश डाला तथा प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा, टीम भावना और अनुशासन विकसित करते हैं, जो समाज के सर्वांगीण विकास में सहायक हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता, अब्दुल हकीम गाजी, हरबान सिंह धाकड़, अनिल नायक, सूर्यकांत जगताप, राधेश्याम गुप्ता, जितेंद्र सिंह, रविंद्र रघुवंशी, शेखर वशिष्ट, बृजेश दुबे, सुनील अग्रवाल, रजनी शर्मा, भानु प्रताप सिंह, ओम प्रकाश शर्मा सहित एसडीएम शिवानी पांडे, सीएमओ मंजुषा खत्री, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी, तहसीलदार जी.एस. बैरवा एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।





### बुधवार को खेले गए चार मैच

बुधवार को 33वें अखिल भारतीय स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री स्मृति स्वर्ण हॉकी टूर्नामेंट में चार मैच खेले गए । जिसमें पहले मैच नागपुर और लखनऊ के बीच खेला गया है। इसमें लखनऊ ने शानदार खेल खेलते हुए नागपुर को 6-0 से हराया। वहीं दूसरा मैच भिवानी और गुजरात के बीच खेला गया। इसमें भिवानी ने गुजरात को 4-2 से हराया ।

वहीं तीसरा मैच बिलासपुर और हरदा के बीच खेला गया। इसमें बिलासपुर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेलते हुए हरदा को 10-0 से हराया। इसके बाद अंतिम मैच मुबंई और सैफई के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में मुबई ने सैफई को 3-1 से हराया ।

## जिले के म्याना थाना क्षेत्र के भदौरा गांव में बुधवार को हत्या की सनसनीखेज घटना

# भदौरा में गाय चराने वाले की सिर कटी लाश मिली





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के म्याना थाना क्षेत्र के भदौरा गांव में बुधवार को हत्या की सनसनीखेज घटना सामने आई है। गांव के बाहर गाय चराने गए एक व्यक्ति की अज्ञात कारणों से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान लक्ष्मण सिंह कुशवाह के रूप में बताई जा रही है। उधर बीजी रोड ओवर ब्रिज पर तड़के सुबह हुई एक बस दुर्घटना में एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो जाने का समाचार है। मृतक उसी बस पर कंडेक्टर के रुप में काम करता था। पुलिस ने मृतक का शव पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। जिले के म्याना थाना इलाके के भदौरा के जंगल में सुबह एक सिर कटी लाश मिलने का समाचार है। जिसकी शिनाख्ती 50 वर्षीय रतिराम कुशवाह के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक का शव गुना लाकर उसका पोस्ट मार्टम कराया है।इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार म्याना थाना इलाके के ग्राम भदौरा के जंगल में आज सुबह एक सिर कटी लाश दिखने की जानकारी पुलिस को दी गई थी। जिस पर से म्याना थाने से पहुंची पुलिस की एक टीम ने प्राथमिक जांच पड़ताल के साथ लाश की शिनाख्त के प्रयास किए। इसी दौरान मृतक की शिनाख्त ग्राम भदौरा निवासी 50 वर्षीय रतिराम कुशवाह के रूप में हुई। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा मृतक का शव गुना लाकर स्थानीय जिला चिकित्सालय में उसका पोस्ट मार्टम कराया गया है। इसके बाद मृतक का शव परिवार को सौंप दिया गया है। प्राथमिक जांच पड़ताल में उक्त मामला सीधे-सीधे हत्या कर शव जंगल में फेंक देने के रूप में ही देखा जा रहा है। यह अलग बात है कि इस तरह हत्या के पीछे के कारण फिलहाल तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। मृतक रतिराम भदौरा गांव के सभी लोगों की गाय चराने के लिए रोजाना जंगल में ले जाया करता था। घटना की सूचना मिलते ही म्याना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र को घेराबंदी में लेकर जांच शुरू की। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हत्या के कारणों व आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा। जानकारी के अनुसार मृतक के गले में धारदार हथियार के निशान है । शव को ट्रैक्टर में लेकर नाराज ग्रामीणों ने हनुमान चौराहा पर जाम लगा दिया प्रशासन की समझाइश पर जाम खुलवाया। शासकीय वाहन, एम्बुलेंस नहीं पहुंची इससे नाराज ग्रामीणों ने हनुमान चौराहा पर जाम लगा दिया था पुलिस,प्रशासन की समझाइस पर जाम खुलवाया गया।

### बस से कुचल कर क्लीनर की मौत




विदिशा जिले के सिरोंज थाना अंतर्गत ग्राम बामोरी शाला का रहने वाला 19 वर्षीय बिट्टू परिहार गुना-राघौगढ़ के बीच प्रतिदिन सुबह से शाम तक चलने वाली शिव महिमा बस पर चलता था, वह कभी कंडेक्टरी तो कभी ड्रायवरी भी कर लेता था। उसके परिवार में एक बड़े भाई के अलावा कोई और नहीं है। यही नहीं दोनों भाइयों की अभी शादी भी नहीं हुई थी। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार शिव महिमा बस में आज सुबह लगभग 4:30 बजे गुना से बारात जाना थी, सो सभी बारातियों को बैठाकर और सामान लदवाने के बाद उक्त बस यहां से रवाना हुई थी। लेकिन कुछ देर बाद ही बजरंगगढ़ रोड पर स्थित ओवरब्रिज पर अचानक संभवतः तेज झटका लगने और कंडेक्टर बिट्टू परिहार के दरवाजे पर खड़े होने के कारण वह बस से नीचे गिर गया और इसी बीच उसी बस का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। उक्त दुर्घटना होते ही बस ड्रायवर ने बस रोकी और गंभीर रुप से घायल बिट्टू को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी, जिस पर से मृतक का शव पीएम के बाद सूचना पर पहुंचे बड़े भाई को सौंप दिया गया है। परिवार में मृतक के अलावा उसका कोई नहीं था। इस बीच सूचना पर पुलिस ने बस खड़ी कराने के साथ ही ड्रायवर को भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है, साथ ही मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।



## पुलिस ने बजरंगगढ़ आत्महत्या प्रकरण में तीन इनामी आरोपी गिरफ्तार किए

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने आत्महत्या के एक गंभीर प्रकरण में फरार चल रहे तीन इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 2-2 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।जानकारी के अनुसार ग्राम बरखेड़ा गिर्द निवासी सतीश धाकड़ (22) ने रुपयों के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों द्वारा लगातार की जा रही मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर 22 दिसंबर 2025 को जहरीला पदार्थ खा लिया था। उपचार के दौरान 23 दिसंबर 2025 को भोपाल में उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक ने मृत्यु से पूर्व मोबाइल में ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से पूरे घटनाक्रम का उल्लेख किया था।मर्ग जांच उपरांत बजरंगगढ़ थाने में कुल छह आरोपियों के खिलाफ धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। इनमें से एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि शेष आरोपियों की तलाश जारी थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरार आरोपियों पर इनाम घोषित कर सघन तलाश की जा रही थी। लगातार दबिश और मुखबिर तंत्र के माध्यम से पुलिस ने 4 फरवरी 2026 को तीन फरार इनामी आरोपियों प्रकाश धाकड़, आर्यन उर्फ बिष्णु धाकड़ एवं अंकित उर्फ अंकेश धाकड़ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रकरण में शेष आरोपियों की तलाश अभी जारी है।गुना पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है और कानून से बचने वालों को हर हाल में न्याय के कटघरे तक लाया जाएगा।

# कोर्ट मैरिज के बाद महिला ने एसपी से मांगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बुधवार को एक महिला आवेदिका पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और पुलिस अधीक्षक को एक लिखित आवेदन सौंपकर अपने मायके पक्ष से जान का खतरा बताते हुए सुरक्षा की मांग की। महिला ने आवेदन में बताया कि उसने परवेज खान से अपनी मर्जी से कोर्ट मैरिज की है, लेकिन शादी के बाद से उसका भाई एवं मायके के अन्य लोग उसके इस फैसले से नाराज हैं और लगातार उसे, उसके पति तथा ससुराल वालों को जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। महिला का आरोप है कि मायके पक्ष द्वारा उस पर दबाव बनाया जा रहा है और झूठे आपराधिक मामलों में फंसाने की धमकी दी जा रही है।



इसके साथ ही उसने कुछ कथित पुलिस कर्मियों पर भी फोन और अन्य माध्यमों से धमकाने एवं ब्लैकमेल करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने स्पष्ट किया कि वह पूरी तरह बालिग है और उसने किसी भी प्रकार के दबाव या प्रलोभन में आए बिना अपनी इच्छा से विवाह किया है।आवेदन देने के दौरान महिला के साथ उसकी अधिवक्ता नूर अख्तर भी मौजूद रहीं। महिला ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ-साथ स्वयं, अपने पति और ससुराल पक्ष की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने आवेदन प्राप्त कर मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

## कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सांदीपनि शासकीय मॉडल विद्यालय का निरीक्षण किया

# मॉडर्न कंप्यूटर प्रयोगशाला का शुभारंभ, पीएम आवास का भी निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सांदीपनि शासकीय मॉडल विद्यालय की नव-निर्मित भवन का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में स्थापित आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस कंप्यूटर लैब के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी कंप्यूटर ज्ञान के साथ-साथ वोकेशनल ट्रेनिंग के क्षेत्र में विशेष लाभ मिलेगा।





निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं कि विद्यालय की नई बिल्डिंग शीघ्र पूर्ण हो, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। आगामी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को "रीड, राइट और रिवाइज" का मूल मंत्र दिया।कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि जरूरी यह नहीं है कि हम कितना जानते हैं, बल्कि यह महत्वपूर्ण है कि हम जो जानते हैं उसे कितनी स्पष्टता से जानते हैं। एक ही विषय को अलग-अलग पुस्तकों से पढ़ने के बजाय एक ही पुस्तक को बार-बार पढ़ना अधिक उपयोगी है। प्रत्येक अध्ययन के साथ निरंतर रिवीजन और लिखने का अभ्यास परीक्षा में सफलता की कुंजी है। रिवीजन से विषय स्मरण में रहता है, वहीं लेखन अभ्यास से समय प्रबंधन बेहतर होता है और परीक्षा समय पर पूर्ण की जा सकती है।

इसके पश्चात कलेक्टर श्री कन्याल ने पीएम आवास योजना अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया तथा कुल संख्या सहित सामान्य जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गुना में विकास की अपार संभावनाएं हैं। आने वाले समय में गुना का एक विकसित स्वरूप देखने को मिलेगा। इस दौरान एसडीएम शिवानी पांडे, सीएमओ मंजुषा खत्री, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों में नियुक्ति पत्र प्रदान किए

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा आज अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत दो प्रकरणों में पात्र आवेदकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कन्याल ने नव-नियुक्त कर्मचारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अनुकंपा नियुक्ति के तहत राजस्व विभाग अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 के पद पर दिलीप धाकड़, पिता स्वर्गीय शसुरेश कुमार धाकड़ एवं सुश्री किरण बाथम, पिता स्वर्गीय गणेश राम बाथम को भू-संसाधन प्रबंधन जिला कार्यालय, गुना में चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया एवं प्रभारी तहसीलदार हेमा राजपूत उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर ससम्मान विदाई

**आरोन।** पीएम श्री कन्या माध्यमिक विद्यालय आरोन में पदस्थ रहे सहायक शिक्षक ओमवीर सिंह रघुवंशी गत दिवस शासकीय सेवा से निवृत हुए ! ओमवीर सिंह की सेवा निवृति पर विद्यालय प्रांगण में भव्य विदाई समारोह का आयोजन हुआ। कक्षा 1 से 8 तक एकीकृत इस विद्यालय के समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा आयोजित इस गरिमा पूर्ण विदाई समारोह की मुख्य अतिथि नगर परिषद आरोन की अध्यक्ष अरुणा जैन थीं! ब्राह्मण समाज आरोन के अध्यक्ष विष्णुप्रसाद दुबे, प्रसिद्ध कथा वाचक शरामदयाल शास्त्री, वरिष्ठ समाजसेवी मिंटूलाल जैन, संकुल प्राचार्य नंदलाल यादव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



सेवा निवृत हुए शिक्षक की मित्रमंडली से पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष संजीव सोनी, रिटायर्ड सी एम ओ रामभरोसा शर्मा, राकेश जैन, लालबेग मिर्जा, प्रमोद जैन, चंद्रमोहन शर्मा, गिरजा शंकर शर्मा, विनोद रघुवंशी देवरी पत्रकार पंकज दुबे आदि गणमान्य जनों की मौजूदगी रही। समारोह में विद्यालय की छात्राओं ने अपने सात ग्रुप बनाकर सुंदर सांस्कृतिक व राष्ट्रभक्ति आधारित नृत्य- गान की प्रस्तुतियां दीं। जिन्हें विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया । सेवा निवृत भगवानलाल शर्मा द्वारा ओमवीर सिंह के उत्कृष्ट जीवन चरित्र को रेखांकित करते हुए बधाई पत्र भेंट किया। विद्यालय परिवार एवं उपस्थित गणमान्यजनों ने ओमवीर सिंह के कार्य एवं व्यवहार की भरपूर प्रशंसा करते हुए उनकी सकारात्मक व रचनात्मक सोच के रहते एक आदर्श शिक्षक, उत्तम समाज सेवी, कुशलवक्ता व सबको साथ लेकर चलने की विशेषताओं का विस्तार से उल्लेख किया। समारोह की समापन बेला में सेवा निवृत शिक्षक रघुवंशी ने शाला की छात्राओं को विशेष भोजन ग्रहण कराकर कन्या पूजन किया। इस कार्य में पंकज दुबे एवं उनके साथियों ने सहयोग किया! समारोह में स्वागत भाषण शाला प्रभारी अनीता गेहलोत ने, आभार शिक्षिका संगीता खंडेलबाल ने तथा संचालन शिक्षक संजय जैन ने किया। अंत में ओमवीर सिंह रघुवंशी ने इस भव्य समारोह के आयोजन, सम्मान व गरिमा पूर्ण विदाई पर सभी को धन्यवाद देते हुए अपने विभाग व मध्य प्रदेश शासन-प्रशासन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

### वार्ड क्रमांक 14 में विशेष शिविर का आयोजन



**आरोन।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार नगर परिषद आरोन द्वारा "संकल्प से समाधान" अभियान के अंतर्गत बुधवार को वार्ड क्रमांक 14 में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री दिनेश कुमार सोनी द्वारा शिविर का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए साथ ही आयोजित शिविर में नागरिको की विभिन्न समस्याओ , शिकायतो प्राप्त आवेदनो का मौके पर ही निराकरण किया एवं नागरिको से अपील की कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले तथा अपनी समस्याओ के समाधान हेतु शिविरो मे सक्रिय सहभागिता करे । कार्यक्रम मे मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी, उपयंत्री मोहित बिजौले,सी.ओ. शेख जिगर खान, नगर परिषद के कर्मचारी, वार्ड प्रभारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, हेल्थ वर्कर ओम प्रकाश ओझा सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।

# इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव







हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल बीनागंज में प्रयास 2026 वार्षिकोत्सव मनाया गया । जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर आर सी घावरी सर ,विशिष्ट अतिथि जिनेश जैन संरक्षक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन , ब्रजकिशोर सैनी, कृष्णपाल सिंग राठौर ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद, वैभव मीना अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती जी की मूर्ति पर माल्यार्पण सभी अतिथियों द्वारा किया गया, इसके बाद स्वागत गीत , अथितियों का सम्मान प्राचार्य मनोज शिवहरे द्वारा किया गया।सर्वप्रथम प्रथम पूजनीय गणेश जी की स्तुति और वंदना लक्षिका शिवहरे द्वारा प्रस्तुत की गई ,इसके बाद नन्हें मुन्ने बच्चो द्वारा बड़ी ही मनमोहक, सांस्कृतिक , देशभक्ति प्रस्तुत की गई।इनमें से ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित प्रस्तुति आकर्षण का केंद रही इसमे पहलगाम में हुई घटना को बड़े रोचक ढंग से नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा प्रस्तुत किया गया।प्राचार्य मनोज शिवहरे द्वारा सभी अतिथियों का परिचय दर्शकों से किया साथ ही मुख्य अतिथि प्रोफेसर आर सी घावरी ने छात्रों और दर्शकों को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए और शानदार आयोजन के लिए बच्चों और विधालय परिवार की प्रशंसा की । कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा स्कूल द्वारा किये रहे कार्यो के बारे में सभी को अवगत कराया गया और बताया गया कि छात्रों कर सर्वांगीण बिकास के लिय ऐसे आयोजन हर वर्ष किये जाते है ,साथ ही स्कूल द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना जिसमे कोरोना महामारी में जिन छात्रों के पालक महामारी में दिवंगत हो गए थे या उसके बाद दिवंगत हुए पालको के बच्चे के लिए प्रवंधन समिति द्वारा निशुल्क पढ़ाया जाता है इनसे किसी भी प्रकार भी शुल्क नही ली जाती है।सत्र 2025-26 में ऐसे 9 छात्र अध्ययनरत है। प्राचार्य द्वारा सभी से अपील की गई कि यदि किसी की नजरो में ऐसे छात्र है तो उन्हें स्कूल भेजे । कार्यक्रम का संचालन भजन गायक पुष्पेंद्र सुमन द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ, छात्र छात्राएं ओर अभिवावक उपस्थित रहे।



## बीनागंज में नव कुंडीय यज्ञ व श्रीराम कथा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

श्री श्री 1008 श्री अभिराम दास त्यागी जी महाराज के पावन सानिध्य में विजय बालाजी मंदिर समिति के तत्वावधान में मीनेश मंदिर परिसर, बीनागंज में नव कुंडीय यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ का संचालन यज्ञाचार्य पंडित सुदर्शन शर्मा (जटेरी वाले) एवं उनके सहयोगी विष्णु प्रसाद शर्मा अनिल शर्मा अवध नारायण शर्मा ,सेवानिवृत शिक्षक गोपाल शर्मा ,महेश अवधेश शर्मा, बृजेश शर्मा,संजय द्वारा विधि-विधान से कराया जा रहा है।इस नव कुंडीय यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में श्री जितेंद्र शिवहरे , मनोज कुमार साहू (बाबा) दीपक साहू, पूर्व सरपंच रामस्वरूप मीना (खतौली), शिक्षक जगदीश मीना, शिक्षक देवेन्द्र मीना (कोटरा), सेवानिवृत्त शिक्षक रामस्वरूप मीना, पत्रकार गोविन्द सिंह मीना, पवन सेन, जगमोहन नाथ (गेहूंखेड़ी) कैलाश, नारायण मेर, अंकित मीना अरुण कुमार शिवहरे, राजू शर्मा लाखौरी, शिवराज सिंह मीना, रामस्वरूप मीना मुंशी, फूल सिंह शिवहरे,रवि मीना जगदीश लोधी कमल सेन सत्येन्द्र नाथ,राम जीवन रामजी लोधी, राजा मीना,विनोद नाथ, साहू यादव सुरेंद्र कान्हा सेन मीना सहित कुल 35 यजमान जोड़ों द्वारा आहुतियाँ प्रदान की जा रही हैं।यज्ञ के साथ-साथ प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से 11:00 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। कथा का वाचन रामचरित मानस रस प्रवक्ता पंडित कपिल कुमार शर्मा (नीलगिरी आश्रम, ब्यावरा) द्वारा किया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस में किष्किंधा कांड का भावपूर्ण प्रसंग श्रद्धालुओं को श्रवण कराया गया, जिसमें मुख्य यजमान कुलदीप साहू रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## भाजपा नेता चेतन भार्गव और पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर में प्रवास पर रहे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चेतन भार्गव एवं कोलारस विधानसभा से पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक का आरोन प्रवास पर रहे । जहां आरोन में अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन सप्रे के निवास पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चेतन भार्गव और पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक का सचिन सप्रे द्वारा भव्य स्वागत किया।
साल श्रीफल भेंट किए इस अवसर पर अखिल भारतीय खटीक समाज प्रदेश महामंत्री हीरालाल खटीक (सप्रे) देवेंद्र शर्मा अंकित भार्गव,देवेंद्र स्प्रे सुरेंद्र सप्रे आदि मौजूद रहे।

## नगर में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन




स्थानीय अंबिका मैरिज गार्डन में शांति मेमोरियल महिला मंडल के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि चेतन भार्गव भोपाल एवं नारायण सिंह कुशवाहा पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश अखिल भारतीय कुशवाहा समाज अध्यक्ष कुसुम कुशवाहा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती नीलू कुशवाहा द्वारा की गई चेतन चेतन भार्गव प्रदेश कर समिति सदस्य बीजेपीद्वारा महिलाओं की भागीदारी एवं आदिकाल से अनंत काल तक महिलाओं की समाज में महत्व के बारे में महिलाओं को बताया ।
उन्होंने कहा कि जब हम भगवान के नाम सिमरन करते हैं तो सीताराम राधा कृष्ण शिव पार्वती लक्ष्मी विष्णु आदि को सिमरन करते हैं तथा हिंदू धर्म में हमेशा किसी भी तिथि को महिलाओं द्वारा विशेष तौर पर पूजन एवं तिथियां का महत्व रहता है। उन्होंने आगे अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाओं को शिक्षा के साथ शास्त्र एवं शस्त्र का भी ज्ञान होना परम आवश्यक है । आज की मेला किसी भी तौर पर अब काम नहीं है मैं हमेशा अपने लक्ष्य को प्राप्त कर रही है । भारत विरोधी तत्व एवं असलियामक तत्वों द्वारा हमारे महिलाओं को बेला फुसलाकर लब्ज याद का शिकार बनाया जा रहा है देश में विकृत मानसिकता ऑन को ध्यान देने वाली बात है ।
आरोन की बेटी मोनिका धाकड़ का डीएसपी पद चयनित होने पर उनका स्वागत गया । इस अवसर पर दिलीप सेन पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष मातादीन धनबरिया एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरजीत धाकड मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन लखनपुरी गोस्वामीश्रावण जैन अनिल कुशवाह गुना सचिन स्प्रे गोविद शर्मा डॉ कैलाश सिंह रघुवंशी सोनू रघुवंशी पार्षद बृजेन्द्र राजपूत पार्षद रामकुमार धाकड सरपंच रेखा कुशवाह जिला अध्यक्ष आशा रघुवंशी राज यादव दिलीप कुशवाह मोहिनी साहू प्रताप सिंह ममताकुशवाह संजीव यादव हीरालाल बुनकर देवेन्द्र यादव बाला प्रजापति लक्ष्मी नारायण प्रजापति देवेन्द्र शर्मा लखन सिंह रघुवंशी प्रकाश मीणा कमल किशोर रामलाल कुशवाह कमला अहिरवार रविशंकर सेन मंच का संचालन डॉक्टर राजीव सिंह राजावत एवं आभार व्यक्त वर्षा कुशवाह द्वारा किया गया।

## पिपरई में कांग्रेस जनों ने थाना मुख्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरई




पिपरई में कांग्रेस नेता राव यादवेंद्र सिंह यादव एवं कांग्रेसियों ने सामुहिक रूप से पुलिस थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की प्रक्रिया चल रही है जिसमें जिले में निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची नाम प्रकाशित है। जिसमें कईं मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि हनुमंत सिंह यादव निवासी अथाईखेड़ा तहसील बहादुरपुर एवं राजेश त्यागी निवासी ढेकन के द्वारा फॉर्म नंबर 07 भरकर वोटर लिस्ट से नाम हटवाने की साजिश की गई है यह कानून अपराध है जो भारत न्याय संहिता की धारा 182 के तहत आता है तथा इन लोगों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और इन लोगों पर एफआईआर दर्ज की जाए। वहीं कांग्रेस ने 7 दिन का समय दिया है और कहा है यदि 7 दिन में इन लोगों पर कार्रवाई नहीं होती तो आगे बड़ा आंदोलन करेंगे। इस विषय में थाना प्रभारी ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पहले जांच की जाएगी और जो दोषी पाए जाएंगे उनके ऊपर कारवाई की जाएगी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी विधिक साक्षरता शिविर में जानकारी

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा जिला अशोकनगर के कलेक्ट्रेट में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में आंगनबाड़ी महिलाओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की निशुल्क विधिक सहायता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, मध्य प्रदेश पीड़ित प्रतिकर एवं नेशनल लोक अदालत के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, साथ ही शिविर में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया कि वह समझौता करने में गांव के लोगों की मदद करें। रोकेट लर्निंग एवं जस्ट फॉर राइट एवं रघुकुल सेवा समिति द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे प्राप्त हो सके उसके बारे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। मुख्यतः फोस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी जिला समन्वयक विपिन रघुवंशी द्वारा प्रदान की। बाल कल्याण समिति के सदस्य भूपेंद्र रघुवंशी द्वारा उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समझ में आ रही विकृतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## गांव में पुरानी पानी की टंकी का जीना टूटकर गिरा, महिला घायल



**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम महिदपुर में पानी की टंकी वर्षों पुरानी बनी है। वुधवार को इस टंकी का जीना टूटकर गिर गया जब यह घटना हुई उस समय एक महिला टंकी के पास से गुजर रही थी जो इस घटना में घायल हो गई। महिला कलिया बाई पत्नी कमलसिंह चंदेल को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि यह टंकी 40 वर्ष पहले बनी थी और सड़क किनारे थी , जिस जगह यह टंकी है उस जगह गांव के लोगों का आना जाना है वहीं पर बच्चे भी खेलते रहते हैं। अच्छा हुआ कि उस समय अन्य लोग नहीं थे नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। यह जीना जर्जर स्थिति में था जिसका मलवा महिला के ऊपर जा गिरा जिससे उसे चोटे आई हैं, महिला का उपचार जारी है।

### जिले में सोलर पंप स्थापना हेतु शिविरों का आयोजन

**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत जिले में किसानों को सोलर कृषि पंप उपलब्ध कराने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना अंतर्गत सिंचाई कार्य हेतु ऑफग्रिड सोलर पम्प स्थापना का कार्य किया जाना है। इस योजना में कृषकों द्वारा लगभग 10 प्रतिशत अंशदान दिये जाने पर 30 प्रतिशत केन्द्रीय अनुदान व 60 प्रतिशत कृषक ऋण के रूप में लिया जाना है। इस योजना के माध्यम से 10 प्रतिशत अंशदान कृषक द्वारा, 30 प्रतिशत सहायता केंद्र सरकार एवं 60 प्रतिशत ऋण बैंक के माध्यम से किया जाता है। जिले में सोलर पंप स्थापना हेतु 17 फरवरी अशोकनगर (कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.ख. अशोकनगर, 18 फरवरी अशोकनगर (कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.ख. अशोकनगर,19 फरवरी चन्देरी (कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.ख. चन्देरी), 20 फरवरी मुंगावली (कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी वि.ख. मुंगावली)में समय दोपहर 12 बजे से सांय 05 बजे तक आयोजित किये गये है।

**7 फरवरी से होगा किसानों का पंजीयन, प्रशासन ने शुरू की तैयारी**

# समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के लिए बनाए गए पंजीयन केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार रबी उपार्जन 2026-27 समर्थन मूल्य पर गेंहू उपार्जन के पंजीयन निर्धारित किये जाने है। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में ई-उपार्जन पोर्टल पर 07 फरवरी 2026 से 07 मार्च 2026 तक गेंहू के पंजीयन हेतु पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गये है।

### अशोकनगर तहसील के 10 पंजीयन केन्द्र

जारी आदेश के तहत तहसील अशोकनगर के 10 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था2 मर्या. अशोकनगर समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. अशोकनगर -2 तूमैन, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. नारायणपुर समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.कचनार -1समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.कचनार-2 खैजरा कलां,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. रॉवसर समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. रातीखेडा समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या उँमरी समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या धुर्रा समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या बरोदिया समिति मुख्यालय निर्धारित किये गये है।

### तहसील शाढौरा के 05 पंजीयन केन्द्र

तहसील शाढौरा के 05 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.करख्या-1समिति मुख्यालय, बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.करख्या-2 शाढौरा, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.कुंदौरा समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.झीला हिनोतिया समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.काकडा समिति मुख्यालय निर्धारित किये गये है।

### ईसागढ़ तहसील में 6 पंजीयन केन्द्र

तहसील ईसागढ़ के 06 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. ईसागढ-1समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.ईसागढ -2कदवाया,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. ढाकोनी समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख



सहकारी संस्था मर्या.पारसोल समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था 2 मर्या.बमनावर समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.महुअन समिति मुख्यालय निर्धारित किया गया है।

### नईसरायं तहसील में 4 पंजीयन केन्द्र

तहसील नईसराय के 04 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. रावसरजागीर समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.कालाबांग समिति मुख्यालय, बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. नईसराय समिति मुख्यालय, बहु. प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.महिदपुर समिति मुख्यालय निर्धारित किये गये है।

### मुंगावली तहसील में 8 पंजीयन केन्द्र

तहसील मुंगावली के 08 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. मुंगावली समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.मल्हारगढ-1 समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था् मर्या.मल्हारगढ -2कुकावली, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.नादनखेडी समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.गदूली -1 समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.गदूली -2 बहादुरपुर, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.डोंगरा-1 समिति मुख्यालय,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था् मर्या.डोंगरा-2 सहराई निर्धारित किये गये है।

### पिपरई तहसील में 4 पंजीयन केन्द

तहसील पिपरई के 04 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.पिपरई -1 समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था् मर्या.पिपरई-2सिंघाडा,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था् मर्या.मूडरा बहादरा समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. खोरीवरी समिति मुख्यालय निर्धारित किये गये है।

### बहादुरपुर तहसील में 03 पंजीयन केन्द्र

तहसील बहादुरपुर के 03 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या. अथाईखेडा-1 समिति मुख्यालय, बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.अथाईखेडा-2 बंगला चैराहा,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.ओडेंर समिति मुख्यालय निर्धारित किये गये है। तहसील चंदेरी के 02 पंजीयन केन्द्र बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था् मर्या.रामनगर-1 चंदेरी,बहु.प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्या.रामनगर-2 गोरा कलां निर्धारित किये गये है। संशोधन प्रक्रिया में किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है।

### पंजीयन केन्द्रों पर इन सेंटरों पर जाना होगा

पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र पर, सहकारी समितियों एवं विपणन संस्थाओ द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर करा सकते है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था प्रति पंजीयन हेतु (अधिकतम निर्धारित राशि रूपये 50 है) इस हेतु एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क पर,कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क पर,लोक सेवा केन्द्र पर,निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर कर सकते है।

### पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज

कृषकों को पंजीयन के समय निर्धारित आवेदन पत्र के साथ संलग्न भूमि संबंधी दस्तावेज यथा भू-अधिकार ऋण पुस्तिका/खसरे की प्रति एवं पहचान स्वरूप आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत करना होगी तथा सिकमी/बटाईदार/कोटवार एवं वन पटटाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन सहकारी संस्था द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्रो पर उपलब्ध होगी।

**कार्यालय तहसीलदार**
**तहसील अशोकनगर म.प्र.**

**क्र/री.1/2026/265**
**अशोकनगर दिनांक 03/02/2026**
**// विज्ञप्ति //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृजेश पुत्र मिश्रीलाल मेहतर निवासी हरिजन बस्ती मोती अशोकनगर अपने स्वयं की जन्म दिनांक 25/02/1970 को होना वताया है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। जिसमे किसी भी हितग्राही को कोई आपत्ति हो तो वह कार्यालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर मे उपस्थित होकर दिनांक 16/02/2026 तक प्रस्तुत करे। बाद म्याद गुजरने के उपरान्त प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। यह विज्ञप्ति पत्र दिनांक 03/02/2026 के मेरे हस्ताक्षर पदमुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**तहसील अशोकनगर**

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 निवासी मोहन सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सचिन लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगेश्री चैराहा निवासी दीपक पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कुणाल साहु चक्की पर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम डंगाही निवासी दिनेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विदेश, रविदास और कल्याण अहिरवार ने बिजली की डोर काटने पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हैदर निवासी सज्जन सिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रिंकू रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### जुए के अडडों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के कईं थानों की पुलिस ने जुओं के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। जिले की पिपरई थाने की पुलिस ने मंडी परिसर की दीवाल के पीछे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए राजा बाल्मीक, नरेन्द्र कटारिया, राहुल बाल्मीक और शेर सिंह लोधी को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 2800 रूपए और ताश की गडडी बरामद की है। जिले की चन्देरी पुलिस ने मातामढ मोहल्ला में पूरन अहिरवार के कमरे में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए श्रीलाल अहिरवार, गौतम सिंह, जंडैल सिंह, पूरन अहिरवार, कृष्णपाल सिंह, इमरत अहिरवार, कृपाल लोधी, शीलचन्द्र कोली, पंचू अहिरवार और रवि बाल्मीक को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1600 रूपए और ताश की गडडी बरामद की हैं। जिले के पिपरई थाने की पुलिस ने पुराने बाजार में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए हरीराम अहिरवार, उस्मान अली, रामबाबू खटीक को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से ताश की गडडी सहित 700 रूपए बरामद किए गए हैं।

### पुस्तक विमोचन समारोह में न्यायमूर्ति शामिल होंगे

**अशोकनगर।** जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने बताया कि आगामी 7 फरवरी को अभिभाषक संघ के सदस्य विभोर साहू द्वारा लिखित पुस्तक ज्यूडशियल एक्स पॉजीशन ऑफ सर्विस लॉ का विमोचन ग्वालियर उच्च न्यायालय खण्डपीठ के न्यायमूर्ति गुरूपाल सिंह अहलूवालिया, जिला सत्र न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा और पुलिस महानिरीक्षक अरबिंद सक्सेना की उपस्थिति में किया जाएगा।

## शिशु मंदिर और नई माधवराव साइंस बिल्डिंग की दी सौगात

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने पिपरई को दी 'सांदीपनि स्कूल' की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर/पिपरई

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज अपने अशोकनगर प्रवास के आखिरी दिन पिपरई में 32 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 'सांदीपनि सी.एम. राइज स्कूल' का उद्घाटन किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने आज चंदेरी में शिशु मंदिर का भी उद्घाटन किया और माधव महाविद्यालय में अपने पिता स्व. माधवराव सिंधिया सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण एवं नई माधव साइंस कॉलेज बिल्डिंग का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि गाँव के बच्चों के सपनों, संभावनाओं और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है।

### गांव के बच्चों को समान अवसर

समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर बच्चे तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि पिपरई में स्थापित यह स्कूल यह सुनिश्चित करेगा कि गाँव का बच्चा भी वही संसाधन, वही गुणवत्ता और वही अवसर पाए जो देश के बड़े महानगरों के बच्चों को मिलते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इन स्कूलों का नाम 'सांदीपनि' रखने को अत्यंत सार्थक बताया, क्योंकि महर्षि सांदीपनि भगवान श्री कृष्ण के गुरु थे और ऐसे शिक्षालय बच्चों को 'सर्व गुण सम्पन्न' बनाने की प्रेरणा देंगे।



### आधुनिक सुविधाएं और व्यावसायिक शिक्षा का संगम

सिंधिया ने बताया कि 32 करोड़ की लागत से विकसित होने वाला यह परिसर अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इसमें स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान, गणित और भाषा के लिए आधुनिक प्रयोगशालाएँ, तथा नवीन शिक्षण संसाधन उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि विद्यार्थी केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें, बल्कि तकनीकी और व्यावहारिक कौशल भी प्राप्त करें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में 'रोजगार सृजन करने वाले' बन सकें।



### चंदेरी में शिक्षा और विरासत को समर्पित महत्वपूर्ण पहल

इससे पहले केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने आज चंदेरी में 30 लाख की लागत से निर्मित शिशु मंदिर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने माधव महाविद्यालय परिसर में अपने पिता स्व. माधवराव सिंधिया की प्रतिमा का अनावरण किया तथा नई माधव साइंस कॉलेज भवन का लोकार्पण भी किया। इन कार्यों के माध्यम से शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सशक्त करने के साथ क्षेत्र की ऐतिहासिक और वैचारिक विरासत को सम्मान देने का संदेश दिया गया।

### संस्कार, संस्कृति और जिम्मेदार नागरिकता

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार दिलाना नहीं, बल्कि संस्कारवान, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। इस विद्यालय में बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ा जाएगा, ताकि वे ज्ञान के साथ-साथ चरित्र निर्माण की भी मजबूत नींव प्राप्त कर सकें।

### नया भारत ज्ञान और तकनीक का संगम

अपने संबोधन में सिंधिया ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत की शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लागू 'नई शिक्षा नीति' विद्यार्थियों को उनकी रुचि और क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर दे रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इसी स्कूल से भविष्य के डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, उद्यमी और देश का नेतृत्व करने वाले कर्णधार निकलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार में प्रदेश में नौनिहालों की शिक्षा को लेकर बड़े कदम उठाये जा रहे हैं।

## रविदास जी की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए सिंधिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को अशोकनगर जिले के भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत मुंगावली की ग्राम पंचायत बंगला चैराहा में आयोजित संत शिरोमणि गुरू रविदास जी महाराज की जयंती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने संत रविदास मंदिर में दर्शन किये।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास (रैदास) मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के महान संत और समाज सुधारक थे, जिन्होंने समानता, प्रेम और मानसिक पवित्रता पर आधारित एक समतामूलक समाज का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पांत के भेदभाव, अंधविश्वास और सामाजिक असमानता का विरोध किया और ईश्वर में सच्ची भक्ति व मेहनत के माध्यम से मुक्ति का मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि संत रविदास विश्व को राह दिखाने वाले संत थे,हम सभी उनकी 649वीं जयंती मना रहे है, उनकी मेहनत, संघर्षशीलता और बुलंदी से देश को पहचान मिली है। हम सभी उनका अनुसरण कर जीवन की राह पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव समाज हित में अनेक कार्य कर रहे। उन्होंने बाबा साहब अम्बेडकर स्मॉरक तथा संत रविदास के भव्य मंदिरों के निर्माण का बीडा उठाया है और उसे पूरा कर रहे है। उन्होंने संत रविदास जी के पद चिन्हों पर सबका साथ,सबका विकास को लेकर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ दिलाया जा रहा है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के मुंगावली थाने की पुलिस ने डिपो कॉलोनी निवासी पतराम सांसी के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने ही डिपो कॉलोनी निवासी संजना सांसी के यहां से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

# अशोकनगर को मिली बड़ी सौगात 31.50 करोड़ रुपए से बदलेगी शहर की सूरत






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर के जल प्रबंधन और स्वच्छता की दिशा में नगर पालिका परिषद ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत काफी समय से लंबित 31 करोड़ 50 लाख रुपये की जल परियोजना को नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट के बाद स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस परियोजना के अमल में आते ही शहर का युस्ड पानी अब प्रदूषण नहीं फैलाएगा, बल्कि फिल्टर होकर खेती और अन्य कार्यों के उपयोग में आएगा।

एसबीआर तकनीक से होगा जल उपचार

यह पूरी परियोजना आधुनिक एसबीआर तकनीक पर आधारित होगी। योजना का मानक निविदा प्रपत्र जारी कर दीं गयी हैं जिससे ठेकेदार का चिन्हांकन किया जाकर, जल्द ही धरातल पर काम शुरू होगा।

### परियोजना की मुख्य विशेषताएं

1 दो नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट शहर में दो स्थानों पर लगाए जाएंगे। पहला हिरिया के टपरा पर 8 एमएलडी क्षमता और दूसरा कुड़ी घाट पर 4 एमएलडी क्षमता का बनेगा।

2 इसी प्रकार 5 किमी लंबा नाला पूरे शहर के उपयोग किये गये पानी को एकत्रित कर प्लांट तक पहुँचाने के लिए लगभग 5 किलोमीटर लंबे विशेष नाले का निर्माण किया जाएगा।

3 ऊर्जा बचत पर जोर प्लांट के संचालन के लिए 63 केवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर के साथ-साथ सोलर पैनल भी लगाए जाएंगे, जिससे बिजली की खपत कम होगी।

4 सम्बेल और पानी की टंकियां पानी के संग्रहण के लिए हिरिया के टपरा और कुड़ी घाट पर बड़ी टंकियां और सम्बेल बनाए जाएंगे।

5 इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उपचारित (फिल्टर) पानी का उपयोग किसान अपने खेतों में सिंचाई के लिए कर सकेंगे।

6 इसके अलावा इस पानी का उपयोग फायर ब्रिगेड, पार्कों मे पानी देने के लिए, वृक्षारोपण, और अन्य गैर-पेय कार्यों में होगा। साथ ही यह भी कहा की गर्मियों के समय जब पानी की कमी होती थी, तब तालाबों पर दबाव बढ़ जाता था।

7 अब वेस्ट पानी को रिसाइकिल कर उपयोग में लाया जाएगा, जिससे जल संकट दूर होगा। यह पानी केवल पीने के उपयोग में नहीं आएगा, बाकी सभी कार्यों के लिए वरदान साबित होगा।

## मौके पर ही दिए राहत, सर्वे और मुआवज़े के निर्देश

# ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के बीच पहुंचे केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज बुधवार को अशोकनगर जिले के नरखेड़ा क्षेत्र में पहुँचकर हालिया ओलावृष्टि से प्रभावित अपने अन्नदाता किसान भाई-बहनों से मुलाकात की। खेतों में खड़ी फसलों के नष्ट होने से चिंता से भरे चेहरों को देखकर मंत्री का मन व्यथित हो उठा। उन्होंने कहा कि यह आपदा केवल फसलों का नुकसान नहीं, बल्कि किसानों की मेहनत, आशा और पूरे वर्ष की तपस्या पर पड़ा गहरा आघात है।

### खेतों में जाकर हालात का किया प्रत्यक्ष अवलोकन

केन्द्रीय मंत्री ने प्रभावित खेतों का दौरा कर स्वयं फसलों की क्षति का निरीक्षण किया, किसानों से सीधे संवाद किया और उनकी पीड़ा को सुना। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के दुःख में सहभागी है और संकट की इस घड़ी में उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगी।



### प्रशासन को दिए त्वरित राहत के निर्देश

मौके पर ही सिंधिया ने जिला प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वे कराया जाए, वास्तविक क्षति का आकलन हो और पात्र किसानों को शीघ्र राहत एवं मुआवज़ा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सहायता प्रक्रिया पारदर्शी, सरल और समयबद्ध हो, ताकि किसानों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में किसान कल्याण सर्वोच्च प्राथमिकता

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार किसानों के हित में दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है। ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर उन्होंने कहा कि किसानों की पीड़ा को केवल शब्दों से नहीं, बल्कि ठोस और त्वरित समाधान के माध्यम से दूर किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राकृतिक आपदाओं के समय किसानों के साथ मजबूती से खड़ा रहना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

बड़ी संख्या में ले रहे हैं श्रद्धालु भाग

# कचनार के पंच कल्याणक महोत्सव में भगवान का जन्मोत्सव भव्य शोभा यात्रा के साथ मनाया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गजरथ पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे दिन भगवान आदिनाथ के जन्म का उत्सव धूम धाम से मनाया गया। इस आयोजन में अनेक श्रद्धालु सहभागी बने। कचनार ग्राम में उत्सव की छटा देखने को मिली।

कचनार में हाथियों पर शोभायात्रा निकाली गई। गांव में जगह जगह रंगोलियां सजाई गई और समाज ने घरों को भी सजाया। जन्मोत्सव के अवसर पर पूरे गांव में लड्डू बांटे गए। कचनार के राजपुर रोड पर चल रहे गजरथ पंचकल्याणक महोत्सव का है। जहां एक दिन पहले गर्भकल्याणक मनाया गया था। वहीं बुधवार को बालक आदि कुमार का जन्म महोत्सव मनाया गया। सौधर्म इंद्र व इंद्राणी ने बालक आदि कुमार को पांडुक शिला पर ले जाकर 1008 कलशों से अभिषेक किया, साथ ही हाथी पर विराजमान कर कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। एक हाथी पर सौधर्म इंद्र व इंद्राणी बालक आदि कुमार को लेकर चल रहे थे वहीं दूसरे हाथी पर कुबेर रत्नों की वर्षा करते हुए चल रहे थे। आगे आगे युवा नृत्य करते हुए चल रही थी वहीं महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं, युवा हाथों में धर्म ध्वजा लहराते हुए चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया।शोभा यात्रा का शुभारंभ राजपुर रोड पंचकल्याणक महोत्सव स्थल से हुआ जो मेन रोड से निकलकर जैन मंदिर होते पहुंची



### आदिकुमार का बताया जन्म चित्रण

कार्यक्रम में इस दौरान आदिकुमार के जन्म का चित्रण बताया गया। जहां राजा नाभिराय का दरबार सजा, इंद्र इंद्राणी राजा नाभिराय से मिलने पहुंचे।इंद्राणी बालक आदि कुमार को उठाकर लाई । शोभा यात्रा में ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की और लड्डू बाटकर समाज जनों का स्वागत किया।

### मानव जीवन का महत्व

मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज ने धर्म सभा में बताया कि जन्म तो पशु भी लेता है और जन्म मानव भी लेता है। मानव दानव भी बन सकता है और महामानव भी बन सकता है। उन्होंने बताया कि महामानव वह होते हैं, जिनकी जन्म कथा लिखी जाती है।

## मांगों के निराकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

# जिला पटवारी से ने गिनाई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला पटवारी संघ ने अपनी मांगों के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा और समस्याएं गिनाईं। इस मौके पर पटवारियों ने कहा कि उनकी समस्याएं लंबे समय से लंबित है, इनका निराकरण नही होने से पटवारियों को अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह ज्ञापन जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल सिंह रघुंवशी के नेतृत्व में पटवारियों ने सौंपा।



### समस्याओं के बिन्दु

1 जियोटैग गिरदावरी शासन द्वारा लगभग 3 वर्षों से सर्वेयर द्वारा गिरदावरी करवायी जा रही है, परन्तु सर्वेयर को मानदेय भुगतान न होने के कारण वह कार्य नहीं कर रहे हैं जिस कारण से गिरदावरी अंततः पटवारी को करनी पड़ रही है।

2 जहां एक सर्वेयर द्वारा अधिकतम 1000 खसरे की गिरदावरी का प्रावधान है परन्तु उनके द्वारा कार्य न किये जाने के कारण पटवारी को अपने सारे हल्कों के सारे गांवों में स्वयं गिरदावरी करनी पड़ रही है जहां खसरों की संख्या लगभग 5 से 10 हजार हैं।

3 फार्मर आईडी पटवारी के साथ-साथ सीएससी सेंटर, एमपी ऑनलाईन से बनवाई जा रही है जिनका उन्हें भुगतान भी किया जा रहा हैं, पर शासन द्वारा पटवारी को इस संबंध में दबाव दिया जा रहा है जो अनुचित है, साथ ही इसमें अनेक विसंगतियां है। जैसे कई खातेदार व सहखातेदारों का अन्यत्र निवास करना, पोर्टल पर उपलब्ध डाटा त्रुटिपूर्ण होना, आई बन जाने के बाद भी पेंडिंग सुची में खसरे पेंडिंग दिखाई देना, कई खसरें आई डी बनाने हेतु पोर्टल पर उपलब्ध न होना, किसान के आधार से उसका मोबाइल नंबर लिंक ना होना।

4 नवनियुक्त पटवारी साथियों को नियुक्ति पत्र वितरण के समय तात्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा यह घोषणा की गई थी कि नवनियुक्त पटवारियों को नियुक्ति दिनांक से ही 100 प्रतिशत सैलरी दी जायेगी परन्तु शासन द्वारा यह आदेश आज दिनांक तक लम्बित है परन्तु वर्तमान में हाईकोर्ट जबलपुर से म.प्र. के शासकीय कर्मचारियों के हित में ये आदेश पारित किया गया है कि जो पटवारी साथी 70, 80,90 प्रतिशत सैलरी के दायरे में आ रहे है, उन्हें 100 प्रतिशत सैलरी दी जाए और शेष राशि का एरियर जल्द दिया जाये।

5. वेतन वितरण विसंगति से संबंधित समस्याएं- भत्ते आदि के हेड में पर्याप्त राशि न होने के कारण कई जिलों में भत्ते काटकर सैलरी दी जा रही है अतः भत्ते के मद में पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जाये ताकि इस प्रकार की विसंगति न हो।

6. महिला साथियों को मैटरनिटी लीव को सौ परसेंट किया जाये।

7. पीएम सीएम किसान याजनाओं में पटवारी स्तर से वर्तमान में कोई भी कार्य नहीं किया जाता है और न ही उक्त का स्टेटस पटवारी देख सकता है ऐसी स्थिति में सीएम हेल्पलाईन से एवं मासिक व अन्य समीक्षाओं से पृथक किया जाये ताकि पटवारियों पर होने वाला मानसिक दबाब कम हो सके।

8. शेष मानदेयों का भुगतान आज डिजिटल युग में जब सभी पटवरियों का समस्त वेतन संबंधित रिकॉर्ड ऑनलाईन उपलब्ध है तो स्वामित्व योजना, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, फार्मर आइडी के कैम्पों का लम्बित मानदेय जल्द दिया जाए और ऑनलाईन समस्त कार्यों के लिये मोबाइल फोन की राशि भी जल्द दी जाए।

### सलूजा वेयरहाउस के चोरी हुए गेहूं का मामला

# गेहूं के लुटेरों का नहीं मिल रहा कोई सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



जिस रात वेयर हाउस से 30 बोरी गेहूं की लूट हुई ड्यूटी पर चौकीदार जसरथ मीणा, हरिसिह मीणा उसकी पत्नी गीता बाई और 19 वर्षीय बेटा राहुल मीणा था। हरिभूमि ने जब मौके पर जाकर पड़ताल की तो चौकीदार हरिसिंह मीणा ने बताया कि बदमाशों की संख्या 4-5 थी। वे पहले सीढ़ी के जरिए 8 फीट ऊंची बाउंड्रीवाल लांघकर अंदर दाखिल हुए। बदमाश जब अंदर आए तब चौकीदार जसरथ राउड लगाकर पीछे से आया था, इसी दौरान बदमाशों ने पीछे से उसे दबोच लिया और कट्टा अड़ा दिया। हालांकि इसके बाद बदमाशों के हाथ में किसी अन्य ने कट्टा नहीं देखा। हरिसिंह, उसकी पत्नी गीता बाई और राहुल को डराने के लिए बदमाशों ने चाकू का इस्तेमाल किया। वारदात को अंजाम देने से पहले बदमाशों ने वेयर हाउस से कुछ दूर बने गार्ड रूम में बने एक कमरे में राहुल और जसरथ को बंद करके बाहर से कुंदी लगा दी। जबकि हरिसिंह और उसकी पत्नी को दूसरे कमरे में बंद किया, लेकिन कमरे की कुंदी नहीं लगाई। दो बदमाश राहुल वाले कमरे पर पहरा दे रहे थे। जबकि एक बदमाश हरिसिंह और उसकी पत्नी के कमरे की पहरेदारी कर रहा था। वहीं दो बदमाश चाबी लेकर वेयर हाउस की तरफ गए थे।

गेहूं के लुटेरों का जिस खेत के रास्ते अंदर आना बताया जा रहा है, वहां काली गीली मिट्टी है। यदि गेंहू के लुटेरे उस रास्ते से आए तो मिट्टी गीली होने के कारण बदमाशों के पैरों के निशान मिलने चाहिए थे। जिस सीढ़ी का उपयोग बदमाशों ने चढ़ने में उपयोग किया, उस पर भी मिट्टी के निशान होने चाहिए थे। साथ ही जिस बाउंड्रीवाल पर चढ़कर बदमाशों ने नीचे छलांग लगाई, उस पर भी जूतों एवं पैरों के निशान मिलना चाहिए, जबकि कहीं भी गीली मिट्टी के निशान कहीं नहीं मिले हैं। अंदर भी कोई फुटप्रिंट नहीं मिले। बदमाशों ने वेयर हाउस की पावर सप्लाई बंद कर दी थी, लेकिन स्विच पर फींगर प्रिंट के निशान नहीं मिले। चैकीदारों के मुताबिक कपड़ा रखकर स्विच दबाया था। जबकि वह चैकीदार और उसकी पत्नी को कमरे में बंद करने के बाद कुंदी खुली छोड़ गए। बदमाशों ने सभी के मोबाइल जब्त कर लिए थे, जिनको वे वेयर हाउस में छोड़ गए। दिलचस्प बात ये है कि अंधेरे में चैकीदार ने अंदर जाकर आराम से मोबाइल खोज भी लिए। ये ऐसे सवाल हैं, जो पुलिस के भी गले नहीं उतर रहे हैं। पुलिस को संदेह है कि वारदात में किसी अंदर के व्यक्ति का ही हाथ है और इसी वजह से इस एंगल पर भी पड़ताल की जा रही है।

#### गोदाम में 4500 क्विंटल सरकारी गेहूं रखा था, फिर 30 ही क्यों ले गए

सलूजा वेयर हाउस के मालिक राहुल सलूजा के मुताबिक वेयर हाउस दो हिस्सों में बंटा है। एक वेयर हाउस का ताला एक दिन पहले ही सरकारी अधिकारियों ने खोला था। एक हजार क्विंटल गेहूं पहले ही निकाला जा चुका था। इस प्रकार 4500 क्विंटल गेहूं अंदर रखा था। सवाल ये है कि एक छोटे लोडिंग वाहन में भी कम से कम 60 बोरियां आती हैं तो बदमाश केवल 30 बोरी गेहूं ही क्यों लूटकर ले गए। जिसकी कीमत केवल 39 हजार थी, यदि चोरी का माल बेचा जाएगा तो अधिकतम 15-20 हजार का बिकेगा। ऐसे में यदि बदमाशों की संख्या 4-5 है तो भी एक व्यक्ति के हिस्से में महज 4-5 हजार रुपए आएंगे। यदि बदमाशों की संख्या 20-22 होगी तो 1000-1200 रुपए से अधिक नहीं आएगा। बदमाशों के पास पर्याप्त समय होने के बाद भी केवल 30 ही बोरी लूटी गई। चौकीदार हरिसिंह के मुताबिक बदमाश रात करीब 3 बजे लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद रवाना हो गए थे। जिसका पता उनको गाड़ी की आवाज से लगा। जिसके करीब 20 मिनट बाद चैकीदार ने बाहर निकलकर दूसरे कमरे का गेट खोला। पुलिस को ये हजम नहीं हो रहा कि जब गाड़ी जाने की आवाज सुन ली थी तो तुरंत बाहर क्यों नहीं आया? क्योंकि चैकीदार के मुताबिक उसे ये पता ही नहीं है कि वेयर हाउस से निकलकर गाड़ी किस तरफ गई।

**इनका कहना है...**

जांच चल रही है। हमने इसके लिए टीम बनाई है जल्दी ही दाषियों को पकड़ा जाएगा।

वीरेन्द्र धाकड़, टीआई सिटी कोतवाली

# सास को घर से निकालने वाली बहु पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

### कोतवाली थानाक्षेत्र के गांव खजूरी का मामला

**राजगढ़।** बुजुर्गों के साथ उनके ही स्वजनों द्वारा अभद्र व्यवहार, मारपीट आदि करने के मामले जिले में नए नहीं है। अब ऐसे मामलों में पीड़ित बुजुर्गों की शिकायत पर पुलिस संबंधित आरोपियों पर तत्काल कार्यवाहियां भी कर रही हैं। ऐसे ही एक मामले में 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला को परेशान करते हुए घर से निकालने वाली बहु पर कोतवाली पुलिस ने अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिक देखभाल अधिनियम सहित बीएनएस की अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

#### क्या है पूरा मामला

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खजूरी गांव निवासी गंगाबाई साहू को उनकी छोटी बहु कविता साहू द्वारा अक्सर परेशान करते हुए गाली-गलौच यहां तक की मारपीट भी की जा रही थी। बीते मंगलवार इतना झगड़ा हुआ कि बहु कविता ने सास को घर से ही निकाल दिया। अपनी ही बहु द्वारा लगातार दी जा रही




प्रताड़ना से तंग आकर आखिरकार गंगाबाई ने पुलिस से गुहार लगाई।

#### कार की टक्कर में ऑटो चालक घायल

स्थानीय बाईपास पर संस्कृति होटल के नजदीक मंगलवार देर रात्रि कार चालक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो चला रहे राजू पिता प्रभुलाल मेवाड़े को गंभीर चोंटें आई। हादसे के बाद घायल राजू को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कोतवाली पुलिस ने कार चालक पर मामला दर्ज किया है।

## नीतू मारू को मिली रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि



**ब्यावरा।** मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय, भोपाल की शोधार्थी नीतू मुकेश कुमार मारू को रसायन विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य "कुछ प्रतिस्थापित कार्बाजोल यौगिकों के एन-मैनीच क्षारकों का संश्लेषण" विषय पर सफलतापूर्वक पूर्ण किया, जिसे विशेषज्ञों द्वारा महत्वपूर्ण एवं उपयोगी माना गया। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नीतू मारू की शोध मौखिक परीक्षा दिनांक 15 नवंबर 2025 को विश्वविद्यालय के आंतरिक एवं बाह्य परीक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। परीक्षा समिति ने उनके शोध कार्य का गहन मूल्यांकन करते हुए उसे पूर्णतः संतोषजनक तथा डॉक्टरेट उपाधि प्रदान करने योग्य पाया। इसके पश्चात उन्हें विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी संकाय के अंतर्गत रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट की उपाधि हेतु पात्र घोषित किया गया। उक्त शोध कार्य डॉ. विक्रांत जैन के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेशानुसार जारी यह अधिसूचना डॉक्टरेट उपाधि के रूप में पूर्ण रूप से मान्य मानी जाएगी। इस शैक्षणिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन, शोध निदेशक, विभागाध्यक्ष, शोध मार्गदर्शक डॉ. विक्रांत जैन, एमटीएम विद्यालय के संचालक डॉ. मुकेश कुमार मारू, शिक्षाविद डॉ. सुनीति राजपूत, क्षिप्रा विद्यालय की प्राचार्या नवलखा सहित समस्त शिक्षकों, सहयोगियों एवं शुभचिंतकों ने नीतू मारू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल शैक्षणिक, शोध एवं व्यावसायिक भविष्य की मंगलकामनाए प्रेषित की हैं।

# जिला एवं सिविल अस्पताल सारंगपुर को जल्द मिलेंगी डायलिसिस मशीन

### सफल हुए सिविल सर्जन और मंत्री टेटवाल के प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-सारंगपुर

क्षेत्र के किडनी रोग से पीड़ित मरीजों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल एवं जिला अस्पताल में सिविल सर्जन के लगातार प्रयासों के चलते के शीघ्र ही डायलिसिस मशीन मिलेंगी जिससे किडनी मरीजों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में संबंधित विभाग को आवेदन प्रस्तुत कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में बढ़ती मरीजों की संख एव सारंगपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे मरीज हैं, जिन्हें डायलिसिस के लिए राजगढ़, शाजापुर, उज्जैन अथवा अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने स्वास्थ्य विभाग के समक्ष प्रस्ताव रखते हुए सारंगपुर सिविल अस्पताल में डायलिसिस मशीन उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए। डॉ. टेटवाल ने कहा कि क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस सुविधा के प्रारंभ होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और लोगों ने राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल के प्रयासों की सराहना की है।

#### अधिकारियों के प्रयास हुए सफल

वरिष्ठ संयुक्त संचालक को नवंबर में सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्वारा एक पत्र लिखकर जिले में बढ रहे किडनी मरीजों की संख्या को ध्यान में रखकर 05 डायलिसिस मशीन की मांग की गई थी। जिसमें बताया गया था कि मरीजों को कई दिन तक इंतजार करना पड़ता है जिसके कारण है। एचसीव्ही एवं एचबीएसएजी के मरीजो के लिए एक अलग डायलिसिस मशीन की आवश्यकता है।

### जिला पंचायत सीईओ ने किया निरीक्षण

# अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों का काटा वेतन



**खिलचीपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने गतदिवस जनपद पंचायत खिलचीपुर में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय जनपद पंचायत खिलचीपुर की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 6 लोग उपस्थित पाए गए एवं शेष अनुपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के आधे दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। तत्पश्चात डॉ. गढ़पाले द्वारा शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुवरजी की बडली जैतपुराकलॉ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षक उपस्थित पाया गया तथा एक शिक्षक देरी से विद्यालय में उपस्थित हुए, आंगनवाडी ठीक से नहीं पाई गई, जिस पर महिला बाल विकास विभाग को आंगनवाडी ठीक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सीईओं जिलापंचायत ने आंगनवाडी में आशाकार्यकर्ता से जानकारी ली गई। जिसमें 102 महिलाएं गर्भवती दर्ज पाई गई। जिनको प्रसव हेतु माचलपुर, जीरापुर एवं राजस्थान जाना पडता है, को देखते हुए मौके पर ही मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तीन दिवस में पर्याप्त व्यवस्था करने एवं अधिकारी एवं कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान ग्राम गोघटपुर विद्यालय का मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले द्वारा लक्ष्मीबाई स्व-सहायता समुह मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया गया, जिसमें दिन के मीनू अनुसार खीर, पुडी, सब्जी, पाया गया एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने विद्यालय के बच्चो के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। गोघटपुर हाईस्कूल में 10 वी कक्षा के बच्चों से पढाई की जानकारी ली एवं बच्चो को परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु सुझाव व पढाई की तकनीक बताई। तत्पश्चात मठ मंदिर गोघटपुर के पास जल संरचना स्टापडेम व गेबियन सरंचना बनाये जाने हेतु सहायक यंत्री को निर्देशित किया।

## यातायात पुलिस ने वाहन चालकों के काटे चालान



**कुरावर।** नगर में एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों द्वारा आयोजित फेरवेल कार्यक्रमों के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करना छात्रों एवं वाहन चालकों को महंगा पड़ गया। मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आते ही यातायात पुलिस ने कुरावर पहुंचकर कार्रवाई की और फेरवेल जुलूस में शामिल वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार सोमवार एवं मंगलवार को नगर के नेशनल हाइवे पर स्थित एंजल्स एवं केडीपीएस निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा फेयरवेल कार्यक्रम के अवसर पर नगर से विद्यालय तक मुख्य मार्ग पर करीब एक किलोमीटर लंबा जुलूस निकाला गया। इस दौरान कई छात्र तेज गति से चलती कारों की खिड़कियों से बाहर लटकते हुए, वाहन के गेट पर बैठकर सेल्फी लेते हुए तथा शोर-शराबा करते नजर आए। नेशनल हाइवे जैसे अत्यधिक व्यस्त मार्ग पर इस प्रकार का कृत्य न केवल छात्रों की जान के लिए जोखिमपूर्ण था, बल्कि आम नागरिकों और राहगीरों के लिए भी परेशानी का कारण बना।

### एमडी ड्रग्स निर्माण का भंडाफोड़

# माचलपुर पुलिस व राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**ब्यावरा।** थाना माचलपुर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान राजस्थान के जिला झालावाड़ की विशेष टीम से प्राप्त सूचना के आधार पर ग्राम गोघटपुर में मादक पदार्थ (एमडी ड्रग्स) निर्माण से संबंधित बड़ी कार्यवाही की गई। प्राप्त सूचना के अनुसार थाना झालरापाटन जिला झालावाड़ (राजस्थान) के अपराध क्रमांक 31/26 धारा 30 एनडीपीएस एक्ट में वांछित आरोपी रघुनंदन पिता गोवर्धन पाटीदार निवासी ग्राम गोघटपुर थाना माचलपुर द्वारा अपने निवास स्थान पर अवैध रूप से एमडी ड्रग्स निर्माण की फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। सूचना की तात्कालिकता एवं आरोपी द्वारा साक्ष्य नष्ट किए जाने की पूर्ण संभावना को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में विधिसम्मत पंचनामा कार्यवाही कर आरोपी के निवास स्थान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एमडी ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त रॉ मटेरियल एवं उपकरण बरामद किए गए। आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

#### जब्त मशरूका का विवरण

मेलाटोनिन के 04 पैकेट, कुल वजन 4 किलो 810 ग्राम, प्रोपेनॉल रिएजेंट के 02 डिब्बे सीलबंद (2-त्तवचंदवस) दृ 490 ग्राम व 360 ग्राम, मेथेनोल के रिएजेंट के 02 डिब्बे सीलबंद (डमजींदवस) दृ 470 ग्राम व 220 ग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 4.810 किलोग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 5.380 किलोग्राम, नीला प्लास्टिक कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 17.695 किलोग्राम, स्टील/प्लास्टिक मिश्रित कंटेनर, सफेद केमिकल पाउडर सहित, वजन 7.950 किलोग्राम, सफेद प्लास्टिक पॉलिथिन में भरा सफेद केमिकल पाउडर 910 ग्राम। उपरोक्त केमिकल पाउडर का कुल वजन 43.095 किलोग्राम व अन्य सामग्री संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी कराई गई तथा जप्त मशरूका को विधिवत सीलबंद कर मालखाने में सुरक्षित रखा गया।

# मॉडल स्कूल के छात्रों ने विदाई समारोह से पहले मचाया हुड़दंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर



नगर में शासकीय मॉडल स्कूल मंगलवार को दिनभर सुर्खियों में रहा। छात्रों ने अनुशासन की जमकर धज्जियां उड़ाई। विदाई का जश्न ऐसा मनाया कि पुलिस द्वारा छात्रों को थाने ले जाया गया जमकर हुड़दंग मचाया गया। सूत्रों के अनुसार विदाई समारोह में छात्र स्कूल पहुंच रहे थे लेकिन छात्रों ने बिना किसी खौफ के विदाई समारोह से पहले एक जगह ट्रैक्टर फोर व्हीलर बुलेट के साथ एकत्रित हुए जमकर स्टैंड बनाया आम जनों की शिकायत के बाद पुलिस मौके पर पहुंची टैक्टरो को थाने लाया गया छात्रों को समझाइश के बाद स्कूल भेजा गया लेकिन उधर आनन फानन में माडल स्कूल के समीप कार व एक छात्र की बुलेट की भयानक भिड़ंत हो गई जिसके बाद घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार कराया गया। गनीमत रही किसी को कोई ज्यादा चोट नहीं लगी। सूत्रों के अनुसार बताया कि स्कूलों की छुट्टी के बाद छात्र सड़क पर तेज रफ्तार बाइके दौड़ाते है पुलिस प्रशाशन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

**इनका कहना है**

कुछ स्कूली छात्र थे जिनके विरुद्ध चलानी कार्यवाही की गई। इनके पैरंट्स को बुलाकर समझाइश दी गई। आगे से कोई भी इस तरह घटना की जाए तो सख्त कार्यवाही की जाएगी

विकास राठौर, थाना प्रभारी खुजनेर

### 2 लोगों पर कार्रवाई, मुख्य ठेकेदार फरार

# पार्किंग में मनमानी वसूली पर प्रशासन सख्त

**सारंगपुर।** भैंसवा माता मेले में पार्किंग के नाम पर श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली के मामले में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मामले को लेकर सामने आई शिकायतों और प्रकाशित खबर के बाद तहसीलदार आकाश शर्मा ने कार्रवाई करते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि मुख्य ठेकेदार फरार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार मेले में प्रशासन द्वारा दोपहिया वाहनों के लिए 10 रुपए तथा चारपहिया वाहनों के लिए 20 रुपए पार्किंग शुल्क निर्धारित किया गया था। इसके बावजूद ठेके से जुड़े लोगों द्वारा श्रद्धालुओं से निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि वसूली जा रही थी। श्रद्धालुओं द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद मामला सामने आया।प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई, जिसमें अनियमितता की पुष्टि होने पर तहसीलदार आकाश शर्मा के निर्देशन में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं इस पूरे मामले में मुख्य ठेकेदार की तलाश जारी है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की अवैध वसूली या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि दोषियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

खबर का असर



प्रशासनिक आदेशों की उड़ाई धज्जियां

भैंसवा माता मेले में पार्किंग के नाम पर श्रद्धालुओं से मनमानी वसूली

सारंगपुर। भैंसवा माता मेले में श्रद्धालुओं की आस्था का लाभ उठाते हुए पार्किंग के नाम पर खुलेआम मनमानी वसूली का मामला सामने आया है। प्रशासन द्वारा पूर्व में जारी आदेश के अनुसार मेले में टू-व्हीलर वाहनों के लिए 10 रुपए तथा फोर-व्हीलर वाहनों के लिए 20 रुपए पार्किंग शुल्क निर्धारित किया गया था, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आई। मेले में तैनात स्थानीय पार्किंग ठेकेदारों द्वारा बाहर से आए श्रद्धालुओं से टू-व्हीलर वाहन के 50 रुपए और फोर-व्हीलर वाहन के 100 रुपए तक वसूले गए। निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक राशि लिए जाने को लेकर पार्किंग स्थलों पर श्रद्धालुओं और पार्किंग कर्मियों के बीच हल्का-फुल्का विवाद भी हुआ श्रद्धालुओं का कहना है कि प्रशासनिक आदेशों के बावजूद अवैध रूप से अधिक राशि वसूली जाना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। मेले में दर्शन के लिए दूर-दराज से पहुंचे भक्तों के साथ इस तरह की लूट उनकी आस्था को ठेस पहुंचाने वाली है। प्रशासन की लापरवाही के चलते पार्किंग ठेकेदारों की मनमानी खुलकर सामने आई है। यदि समय रहते सख्त निगरानी और कार्रवाई नहीं की गई तो श्रद्धालुओं का भरोसा प्रशासनिक व्यवस्थाओं से उठ सकता है। अब जरूरत है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा देते हैं सिगरेट और तंबाखू, जागरूक किया

### विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित हुए शिविर व कार्यशालाएं




**राजगढ़।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार को जिले भर में कईं स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में करीब 1200 से अधिक लोगों ने अपनी जांच करवाई। शिविरों के माध्यम से न केवल कैंसर संभावित मरीजों की पहचान की गई बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोगों को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरुक भी किया गया।

यह शिविर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों और जिला अस्पताल में लगाए गए थे। इन शिविरों में बड़ी संख्या में लोग अपनी जांच करवाने पहुंचे। प्रभारी डीपीएम सुनील वर्मा ने बताया कि इस दौरान विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच भी की गई। मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने समय पर जांच के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि कैंसर जैसी बीमारी का यदि प्रथम चरण में पता चल जाए, तो इसका सफल उपचार पूरी तरह संभव है। विशेषकर महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल और स्तन कैंसर की समय रहते पहचान होने पर उनकी जान बचाई जा सकती है।

#### कैंसर के खतरों से भी किया आगाह

जिला अस्पताल में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में चिकित्सकों सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने आमजन को कैंसर के खतरों से आगाह किया। कैंसर नोडल अधिकारी डॉ. आर.के. कठेरिया ने बताया कि गलत जीवनशैली कैंसर का बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि शराब, सिगरेट और तंबाकू का सेवन कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा देते है। शरीर में किसी भी असामान्य गांठ या परिवर्तन को नजर अंदाज न करें।

## आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर नरसिंहगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित



**नरसिंहगढ़।** आगामी महाशिवरात्रि मेला एवं पर्व को लेकर थाना परिसर नरसिंहगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम सुशील कुमार, एसडीओपी नेहा गौर, थाना प्रभारी एस.एस. चैहान सहित गणमान्य नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 9 फरवरी 2026 से प्रारंभ हो रहे महाशिवरात्रि मेले तथा 15 फरवरी 2026 को मनाए जाने वाले महाशिवरात्रि पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंध किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को सुगमता से दर्शन हो सके, इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम सक्रिय रहेगी। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा पूरे मेला परिसर को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखा जाएगा। यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के लिए भी विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से पर्व मनाने का आग्रह किया है।

### क्षेत्र के तापमान में लगातार हो रहा बदलाव

# फिर हाड़ कंपा रही सर्द हवाएं दोपहर 12 बजे तक कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



शीतलहर और ठंड से परेशान लोगों को सर्दी के सितम से राहत मिलने की उम्मीद फिलहाल नजर नहीं आ रही है। बीते तीन दिनों से दिन के साथ रात में भी चल रही सर्द हवाओं ने लोगों को परेशान कर रखा है। शीतलहर के साथ ही दोपहर पर छाए रहने वाले घने कोहरे से भी जनजीवन काफी प्रभावित हो रहा है।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तक क्षेत्र में धुंध छाई रही। सिर्फ तीन घंटे तक ही सूर्यदेव आसमान में नजर आए और शाम 4 बजे बाद वापस से क्षेत्र कोहरे की आगोश में छाया नजर आया। मौसम के जानकारों आगामी 3-4 दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहने का अनुमान जताया है। उधर, अचानक बदले मौसम के चलते लोग फिर से गर्म कपड़ों और अलाव के जरिए अपने सर्दी से बचाते नजर आ रहे हैं। गत 2 फरवरी को जिले का न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री रिकार्ड किया गया था जो तीन दिनों में लुढ़कते हुए बुधवार को 8.8 डिग्री दर्ज किया गया।

#### दिन में भी जलते नजर आए अलाव

शीतलहर और सर्दी का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दिन में भी अलाव का सहारा लेते दिखे। इसके साथ ही घने कोहरे के चलते दोपहर तक वाहन चालक हेडलाईटों को ऑन करके चल रहे हैं।

**बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान**
(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| | |
|---|---|
| 04 फरवरी | 8.8 |
| 03 फरवरी | 11.0 |
| 02 फरवरी | 13.0 |
| 01 फरवरी | 9.6 |
| 31 जनवरी | 10.0 |
| 30 जनवरी | 3.0 |
| 29 जनवरी | 8.4 |